

# शिवना शुद्धिकरण अभियान को एक सप्ताह पूर्ण, 71 ट्रॉली गंदगी निकाली

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** विधायक श्री विपिन जैन के आव्हान पर 1 मई से प्रारंभ हुए शिवना नदी शुद्धिकरण अभियान ने एक सप्ताह में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अब तक कुल 71 ट्रॉली जलकुंभी और गंदगी नदी से निकाली जा चुकी है, जिससे शिवना की स्वच्छता और प्रवाह में सुधार हुआ है। सातवें दिन बुधवार को 12 ट्रॉली जलकुंभी और गंदगी निकाली गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भाग लिया।

अभियान के तहत प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक श्रमदान किया जा रहा है, जिसमें समाजसेवी संगठन, महिला समूह, पत्रकार, विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि और जागरूक नागरिक, छात्र - छात्राएं सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। नावों की सहायता से जलकुंभी हटाई जा रही है, और गाद को ट्रॉली के माध्यम से बाहर निकाला जा रहा है। विधायक श्री जैन ने कहा कि शिवना नदी को हम माता का दर्जा देते है। ऐसे में इसे स्वच्छ और निर्मल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस जनहित के कार्य में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रमदान करें। श्री जैन ने चेतावनी दी है कि जो लोग शिवना नदी में गंदगी फैलाते हैं, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। मीडिया प्रभारी राजनारायण लाड ने कहा कि शिवना शुद्धिकरण अभियान को जनसामान्य और सामाजिक संगठनों से जबरदस्त समर्थन मिल रहा है, और यह अभियान जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है।

मंदसौर सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणजन, महिलाएं, बच्चे श्रमदान में बढ चढ कर भाग ले रहे है। बुधवार को लोकप्रिय विधायक विपिन जैन, अभिभाषक संघ के रघुवीरसिंह पंवार, प्रकाश रातडिया, प्रहलादराय गुप्ता, डॉ. राघवेन्द्रसिंह तोमर, अजय मारू, विनोद शर्मा, विनोद साल्वी, पीएल माहेश्वरी, सुनील शर्मा, आशीष मोदी, दिलीप देवडा, राजेश पाठक, पंकज जोशी, गोपाल कुमावत, गणेश सोपरा, सत्येन्द्रसिंह सोम, दिलीप गुप्ता, राजेश सौलंकी, जैन बी.एड. कॉलेज के डॉ. ब्रजेश शर्मा, डॉ. राखी हिंगड, पवन सोपरा, रेणु सक्सेना, अल्पना शर्मा, चेतना मण्डवारिया, चन्द्रकांता राजगुरु, कुशल पंडित, कुणाल सोमानी, अशोक पाण्डे, आंचलिक पत्रकार संगठन के तुलसीराम राठौर, दीपक माली, गुंदेश्वर अखाडा समिति के श्याम पाण्डे, जितेन्द्र चौधरी, मिश्रीलाल ग्वाला, अंकित माहेश्वरी, संदीप लक्षकार, मोहित वर्मा, महेन्द्र जीनगर, गोपाल पाण्डे, अ.भा. पोरवाल युवा संगठन के नरेन्द्र उदिया, जगदीश काला, जगदीश घाटिया, संजय धनोतिया, संजय पोरवाल, सुनील पोरवाल, जतिन पोरवाल, अजय धनोतिया, प्रीतेश घाटिया, आयुष रत्नावत, कृष्णकांत मोदी, पवन सेठिया, निलेश काला, अनिल गुप्ता, राजेन्द्र धनोतिया, समाजसेवी पुरूषोत्तम माहेश्वरी,रामचन्द्र मालवीय रिटायर्ड टीआई, घनश्याम भावसार, मनीष भावसार, आस्था भावसार, महेश दुबे, हरिशंकर शर्मा, नगरी नगर पंचायत से आई युवा टीम के देवेन्द्र अटोलिया, श्यामसुंदर अटोलिया, पुष्कर धाकड़, राजकुमार जैन, सुरेश टेलर, विकास, शाहरूख मंसूरी, सलीम मंसूरी, संजय खारोल, अर्जुन टेलर, प्रमोद जैन, सोनू यती, दिनेश यती, अतुल अटोलिया, कोमल बग्गड़, राजकुमार बग्गड़, ईश्वरलाल धाकड़, मालवा मीडिया मंच के अब्दुल वाहिद रईस, पं. गायत्री प्रसाद शर्मा, संजय भाटी, हरिओम गंधर्व, विजेन्द्र फांफरिया, सोनू गुप्ता, कांग्रेसजन में सर्वश्री तरूण खिंची, राजेन्द्र छाजेड,राजनारायण लाड, विकास दशोरा, नोंदराम गुर्जर, राजेश फरक्या, संजय नाहर, विश्वास दुबे, साबिर इलेक्ट्रीशियन, गणपत कुमावत, मोहनपुरी गोस्वामी, भंवरलाल माली, कचरमल जटिया, आमिन खान, मोहनपुरी गोस्वामी, गणपत कुमावत, जगदीश जटिया, रमेश ब्रिजवानी, श्याम साल्वी, रमेश सिंगार, राजेश चौधरी, सादिक गौरी, कैलाश कुमावत, मनोज जैसवार, हेमंत जैसवार, पंकज रैकवार, मोहनलाल धाकड, ओमप्रकाश सूर्यवंशी, रमेश सोनी, हिम्मत पोखरना, मनोज जैन, सौरभ जैन, अशोक वर्मा, मनोहर गुर्जर, प्रीतम पंचोली, रामेश्वर धनगर, महिला नेत्री रफत पयामी, इष्ट भाचावत, राखी सतरावाला, सोनाली जैन, प्रमिला पंवार, दिशी पोखरना, सुष्मिता वर्मा सहित बडी संख्या में नागरिकण श्रमदान करने पहुंचे।

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 10 मई से

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** 'खेल और युवा कल्याण विभाग मंदसौर द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 मई से 10 जून 2025 तक मन्दसौर के विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित होगा, मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 06 मई 2025 को पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक आनन्द, रक्षित निरीक्षक श्री दिनेश बैन, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवडा समस्त खेल संगठनों के पदाधिकारियों, खेल प्रशिक्षकों, युवा समन्वयकों और वरिष्ठ खिलाड़ियों की उपस्थिति में बैठक आयोजित हुई, जिला खेल अधिकारी श्री विजेंद्र देवडा ने बताया खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालय पर 04 खेलों 1/ एथलेटिक्स - पी.जी. कॉलेज खेल मैदान - जिला एथलेटिक्स कोच श्री मुकेश भटेवरा द्वारा 2/ बास्केटबॉल - उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान - श्रीमती रुबीना खान और श्री अंकुर त्रिपाठी द्वारा 3/ हॉकी - (1)हॉकी स्ट्रोटर्फ मैदान रेवास देवडा रोड पर - श्री वैभव चौरसिया, श्री मीत चौहान (2)उत्कृष्ट विद्यालय हॉकी ग्राउंड - श्री अविनाश उपाध्याय, श्री रवि कोपरगावकर 4/ मार्शल आर्ट - (1) महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल - श्री गगन कुरील, श्री धवल कुमावत, (2) नूतन स्टेडियम नियुद्ध हॉल - श्री प्रवीण भंडारी द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं विकासखंड मुख्यालयों पर 2-2 खेलों में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन।

**मन्दसौर विकासखण्ड दलौदा** - 1/ मलखम्ब, कबड्डी, वॉलीबॉल - श्री जीवन माली, श्री चंदन शर्मा, श्री एम्ब्रोज वाल्टर - अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम, दलौदा। मल्हारगढ़ विकासखण्ड- 1/ वॉलीबॉल और कबड्डी - बूढा ग्राम शा. बालक उ.मा.वि. - श्री रहुफ खान 2/ बैडमिंटन, टेबल-टेनिस और एथलेटिक्स - नारायणगढ़ - श्री गोपाल धनगर, श्री दिनेश डाभी सीतामऊ विकासखण्ड- 1/ बास्केटबॉल - श्री राम उत्कृष्ट विद्यालय, सीतामऊ- श्री नरेन्द्र सिसोदिया, श्री आदित्य सेठिया 2/ एथलेटिक्स - श्री संजय चौहान - मंडी खेल मैदान सीतामऊ गरोठ विकासखण्ड- 1/ एथलेटिक्स, कबड्डी - श्री मयूर सिंह, एवं श्री नारायण सिंह - खेल और युवा कल्याण विभाग स्टेडियम, गरोठ भानपुरा विकासखण्ड- 1/ खो-खो - हरकचंद चौरड़िया महाविद्यालय ग्राउंड - श्री तरुण लोहार। खेल और युवा कल्याण विभाग, मन्दसौर द्वारा उपरोक्त जगहों पर प्रशिक्षण शिविर निःशुल्क लगाया जाएगा एवं अन्य खेलों में खेल संघों / खेल प्रशिक्षकों एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 1/ मिनी गोल्फ - उत्कृष्टविद्यालय, मन्दसौर - श्री मनोहर घारू 2/ वॉलीबॉल - नूतन स्कूल - श्री अभिषेक सेठिया, श्री चयन माली 3/ सॉफ्टबॉल, बेसबॉल - उत्कृष्ट विद्यालय, मन्दसौर - श्री मनोहर घारू, श्री ओम सूर्यवंशी। 4/ मार्शल आर्ट - विधि कॉलेज - श्रीमती प्रीति जैन। 5/ स्केटिंग, फुटबॉल - नूतन स्टेडियम, मन्दसौर - श्री राकेश श्रीवास्तव, श्री सचिन काले। 6/ फुटबॉल - पी.जी. कॉलेज ग्राउंड - श्री सुरेन्द्र प्रताप सिंह। 7/ क्रिकेट - नूतन स्टेडियम, मंदसौर - श्री आमीन चौधरी, श्री नवीन खोकर, श्री देवेन्द्र बैरागी द्वारा आयोजित किया जाएगा। सभी खेल प्रशिक्षण शिविरों में प्रशिक्षण से संबंधित आवश्यक खेल सामग्री और भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को समापन अवसर पर प्रमाण-पत्र खेल विभाग द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सभा सम्पन्न



**कुकड़ेश्वर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद कुकड़ेश्वर में 7 मई को प्रात 8:00 बजे जन अभियान परिषद के तत्वाधान में आदिगुरु शंकराचार्य व्याख्यानमाला एवं जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत नीमचोक में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमे माननीय श्री मोहन जी नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद राज्य मंत्री दर्जा एवं मनासा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू,भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मदन जी रावत, मनासा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी श्री नरेंद्र जी मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष महोदय श्रीमती उर्मिला महेंद्र जी पटवा, अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री महेंद्र जी पटवा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री उज्जवल जी पटवा, विधायक प्रतिनिधि महोदय,मुख्य नगरपालिका अधिकार श्री कमलसिंह परमार सभी पार्षद महोदय,पार्षद प्रतिनिधि जन प्रतिनिधि, जनअभियान परिषद के पदाधिकारी व कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नीम चौक बाजार में सभा आयोजन के पश्चात नगर परिषद द्वारा जलगंगा संवर्धन अभियान में चौधरी मोहल्ला में स्थित सास बहू बावडी का सफाई अभियान श्रमदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जन अभियान परिषद के भगवती प्रसाद जी सोनी ने किया कार्यक्रम में समस्त कर्मचारी व सफाई कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस नीमच में दिव्यांग शिविर सपन्न



**नीमच, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला प्रशासन द्वारा बुधवार को रेडक्रॉस परिसर में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव के मार्गदर्शन में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र नीमच द्वारा दिव्यांग शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 195 दिव्यांग जनों का पंजीयन किया गया। इनमें अस्थि बाधित के 83, श्रवण बाधित दिव्यांगजनों के 16, मानसिक दिव्यांगजानो के 25,दृष्टि बाधित दिव्यांगजनों के 12 एवं 01 विवाह के संबंध में सामान्य प्रमाण पत्र बनाए गए। कुल 149 दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाए गए गए। रेल्वे के 9 प्रमाण पत्र बनाए गए।

पीएम स्वनिधि के 21 पंजीयन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के 4 पंजीयन, 14 बस यात्रा पास,पेंशन के लिए शहरी एवं ग्रामीण 32 दिव्यांग हितग्राहीयो के आवेदन प्रात हुए हैं। इस शिविर में मंदसौर से नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉ.श्री आर के द्विवेदी एवं अस्थि बाधित के डॉ.संजय शर्मा एवं मनासा से दृष्टि बाधित डॉ.किरण बंसल, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.कृष्णा कारपेंटर द्वारा दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये गये एवं कान की जांच सीनियर ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. हितेश गायकवाड़ द्वारा की गई।

# परमात्मा भाव के भूखे होते हैं धन संपत्ति के नहीं-नागदा

## बिसलवास खुर्द में श्रीमद् भागवत कथा प्रवाहित



**नीमच, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** परमात्मा भाव के भूखे होते हैं धन संपत्ति के नहीं, 84 लाख योनि के बाद मानव जन्म मिला है जब भी समय मिले तो परमात्मा की पूजा भक्ति तपस्या करनी चाहिए इसका फल कभी निष्फल नहीं जाता है यह जीवन में संकट के समय काम आता है। संकट के समय सच्चे मन से यदि भक्त परमात्मा को पुकारता हैं तो वह दौड़े चले आते हैं और संकट से बचा लेते हैं। मारने वाले से बचाने वाला बड़ा होता है। भक्त प्रहलाद की कथा का उदाहरण हमारे सामने है।यह बात भागवत आचार्य पंडित नरेन्द्र नागदा ने कही।वे नीमच जिले के छोटे से ग्राम बिसलवास खुर्द निवासी उमाशंकर श्रीमती कमला नागदा के पुत्र गुणवंत नागदा मेनारिया के सेवानिवृत्ति कार्यक्रमों की पावन उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान भक्त के अधीन होते हैं जो भक्तों की सेवा करता है भगवान उसकी संकट के समय रक्षा करते हैं। जब मनुष्य संसार में संघर्ष कर हार जाता है तो परमात्मा की शरण में परमात्मा उसकी रक्षा करते हैं। जिस प्रकार सरोवर में हाथी का मगरमच्छ पांव पकड़ लेता है तब गजेंद्र अपने परिवार जनों को बुलाता है तो वे नहीं आते है तब वह कहता है प्रभु बचाओ तब परमात्मा उसकी रक्षा करते हैं। हम जैसी करनी करते है वैसा ही है फल मिलता है इसलिए हमें अच्छे पुण्य कर्म करना चाहिए ताकि हमारा पुण्य मजबूत हो सके और संकट के समय हमारी रक्षा हो सके। एक समय में एक ही निर्णय लेने वाला व्यक्ति सफल होता है बार-बार निर्णय बदलने वाला व्यक्ति जीवन में कभी सफल नहीं होता है।लाभ खेती व व्यवसाय में नहीं हमारे पुण्य कर्मो र्से होता है।और नुकसान हमारे पाप कर्मो र्से होता है। खेत में फसल करते समय किसान सर्दी गर्मी बारिश में पुण्य के लिए संघर्ष करने से उसे लाभ मिलता है ।गौसेवा से बढकर कोई धर्म नहीं होता है। मातृ शक्ति को घर परिवार का पालन करना चाहिए। जब जब धरती पर अत्याचार बढ़ते हैं तो परमात्मा अवतार लेते हैं। परिवार की भौतिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लालच में आकर अनैतिक भ्रष्टाचार और चोरी के करने से भी पिछे नहीं हटता है। समाज में रहना है तो एक दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनना चाहिए। मनुष्य को सदैव अच्छी संगत में रहना चाहिए जैसी संगत करेंगे वैसा ही हमारे जीवन पर प्रभाव होगा। संसार से हताश होते हैं तो देवता की शरण में जाते हैं और देवता हताश होते हैं तो गुरु की शरण में जाना चाहिए। तभी हमारे जीवन का कल्याण हो सकता है।ईश्वर का भजन ही अमृत है। हजारों वर्षो र्की तपस्या के बाद राजा भगीरथ गंगा नदी को धरती पर लाए। मानव का पवित्र भाव गंगा होती है। एकादशी का व्रत करने वाले व्यक्ति के पूर्वजों को नरक गति नहीं मिलती है। छोटा सा अभिमान इंसान के सारे पुण्य कर्म को नष्टकर देता है। मृत्यु शाश्वत सत्य है। ब्राह्मण पुरे संसार की भलाई के लिए कर्म करता है।

श्रीमद्भागवत कथा में पंडित नरेंद्र नागदा ने मोहिनी अवतार, समुद्र मंथन, लक्ष्मी, रम्भा,, कल्पवृक्ष,एरावत हाथी, कौस्तुभ मणि, पारिजात वृक्ष, हर श्रृंगार वृक्ष, वरमाला, धनवंतरी अवतार, सत्यवादी राजा हरिश्चन्द्र,राजा बलि, अश्वत्थामा, हनुमानजी, राजा भागीरथ,

काशी विश्वनाथ,श्री कृष्ण जन्म, त्रिकुट पर्वत, नरसिंह मेहता,नानी बाई रो मायरो कथा, द्वारिका ,राधा श्री कृष्णा खाती,मीराबाई की भक्ति,दक्ष राजा बलि, आदि धार्मिक विषयों के वर्तमान परिपेक्ष के महत्व पर प्रकाश डाला।श्रीमद् भागवत कथा का सीधा प्रसारण सत्संग चिंतन युटुब पर किया जा रहा है।श्रीमद् भागवत कथा पोथी पूजन आरती में निम्बाहेडा के सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य व भारत विकास परिषद निंबाहेडा के अध्यक्ष मांगीलाल मेनारिया,जल सेवक दशरथ मेनारिया, रमेश चंद्र नागदा घसुंडी, मुरली नागदा कानाखेडा, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागदा, सुगनाबाई नागदा, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# फांसी लगाकर युवक ने की आत्महत्या

**पिपलियामंडी, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** अयोध्या बस्ती में बुधवार शाम 5.30 बजे करीब एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार 81 क्वार्टर के पास निवासरत दशरथ पिता मोहनलाल नायक उम्र 22 वर्ष ने स्वयं के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पिपलिया मंडी चौकी प्रभारी धर्मेश यादव मौके पहुंचे । शव को नीचे उतरवाया । पीएम के लिए भिजवाया। युवक के आत्महत्या का कारण पता नही चल पाया। चौकी प्रभारी यादव ने बताया कि आत्महत्या का कारण पता नहीं चल पाया है । युवक की शादी 1 वर्ष पूर्व हुई हुई थी। वर्तमान में युवक की पत्नी पीहर थी। पुलिस ने मार्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।




## भारत की एयर स्ट्राइक पर विशेष...

## ऑपरेशन सिंदूर

मीडिया से मुखातिब
हुई कर्नल सोफिया
25 मिनट में 26
का बदला लिया।
9 ठिकाने 21 कैंप
पाक सरपरस्त
आतंक के किले
हो गए ध्वस्त।
पहलगाम में पति
को किया पत्नी से दूर
भारत ने दिया जवाब
ऑपरेशन सिंदूर।



**नंदकिशोर राठौर, मंदसौर**

# शारदा त्रिपाठी को एक्सीलेंस आईकॉनिक अवार्ड मिलेगा

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर शहर निवासी श्रीमती शारदा त्रिपाठी ने एडवरटाइजिंग और एंटरटेनमेंट के जगत में अपनी एक अलग ही पहचान बनाई है एडवरटाइजिंग और फिल्म इंडस्ट्री में इनकी शख्सियत बहुत ही महत्वाकांक्षी महिला के रूप में है



खुद की एड कंपनी 2017 में इन्होंने स्थापित की और बहुत से कमर्शियल विज्ञापन का निर्माण और प्रबंध किया साथ ही हिंदी फीचर फिल्म सबवे का निर्माण किया 2022 में जिसमें प्रमुख भूमिका में गोरखपुर सांसद रवि किशन और शारदा त्रिपाठी के सुपुत्र विशाल विशेष ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। उत्तराखंड एक्सीलेंसी आइकॉनिक अवॉर्ड के जूरी मेंबर ने आयोजित होने वाले आइकॉनिक अवॉर्ड के लिए शारदा मैडम का नाम दिया है जिसे मंजूर किया गया है। श्रीमती शारदा त्रिपाठी फिल्म प्रोड्यूसर के साथ एक लेखिका भी है। जल्दी इनकी नई फिल्म

पब्लिक का हीरो जल्द आपके नजदीकी सिनेमा में आ रही है जो की सत्य घटना से प्रेरित बताई जा रही है। साथ ही एक ऐसे पुलिस ऑफिसर की कहानी हे जो अपना फर्ज अपनी मौत के बाद भी निभाता है। इंसानी रिश्तों के ताने बाने में बनी फिल्म के ट्रायल शो देहरादून कमेटी ने देखा। और बहुत ही इमोशनल हो गए। हर साल देने वाले सम्मान में शारदा जी पहली मध्यप्रदेश की महिला प्रोड्यूसर लेखिका है जिन्होंने आर्ट और कल्चर में अपने योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

आने वाली फिल्म पब्लिक का हीरो में प्रमुख पात्र मिमोह चक्रवर्ती (मिथुन दा के पुत्र), शक्ति कपूर, मिलंद गुनाजी, अली खान, शेखर शुक्ला, शंकर मिश्रा, अलाउद्दीन खान, वर्षा उसगांवकर, विशाल विशेष, ऋषिका सिंह चंदेल, कनिका गाबा, बबलू मुखर्जी (केस्टो मुखर्जी के पुत्र), अरुण बख्शी, राजू खेर, गोरी नागोरी, और बहुत से महारथी है। बहुत बड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म में 80 से ज्यादा कैरेक्टर हे अपने आप में इतनी बड़ी स्टार कास्ट का संचालन बहुत ही मुश्किल होता है। पब्लिक का हीरो के गीतों को पार्श्वगायक सुदेश भोसले, साधना सरगम, शान, जैसे सीनियर सिंगर के साथ अल्तमस फरीदी,ऋतु पाठक ,शाहिद माल्या जैसे आज के फेमस सिंगर ने भी आवाज दी है। पूरी फिल्म टीम उत्साहित है शारदा जी को अवार्ड मिलने से आने वाली 24 मई को उन्हें सम्मानित किया जाएगा अपने जमाने की ड्रीम गर्ल कही जाने वाली अभिनेत्री हेमा मालिनी द्वारा हम श्रीमती शारदा त्रिपाठी के इस अवॉर्ड और उपलब्धि के लिए उन्हें दिल से शुभकामनाएं देते है उन्होंने अपने शहर का ही नहीं अपने प्रदेश को भी गौरवान्वित किया है।

## ✻✻✻ आपरेशन सिंदुर ✻✻✻

मांग रही थी नारी न्याय, आतंकियों का संहार करो।
तरकश से फिर तीर निकलों, दुश्मन पर प्रहार करों।।
मांग का सिंदुर उजाड़ा,टुट गयी सुहागन की चुड़िया।
दिखा दो अब अंजाम इसका ,बांध दो उनकी पुड़िया।।
सुनकर ये चित्कार, संकल्प लिया हाथों हाथ।
दुश्मन के घर में जाकर मारेंगे, अब तो आधी रात।।
नाम किया मिशन का अपने आपरेशन सिंदुर।
बदला लेने का जोश,चाहें दुश्मन कितना सुदुर।।
मचा दिया तहलका, दुश्मन देश में आधी रात।
एक के बाद एक वार,भारत की सेना की क्या बात।।
नारी पर जो आंच आये, अन्याय सहन नहीं होगा।
इतिहास देख लो, नारी का अपमान वहन नहीं होगा।।
जो भारत की बेटी,बहु के सुहाग पर निशाना दागेगा।
ऐसे अत्याचारियों का नाश करने फौलादी खुन जागेगा।।
आपरेशन सिंदुर ने अब एक नया अध्याय जोड़ दिया।
दुश्मन के घर में घुसकर उसको रातों रात फोड़ दिया।।
'जय हिंद ,जय हिंद की सेना'

**बलवंतसिंह हाड़ा**

# जन भागीदारी से ही जल संरक्षण संभव है-नागर

## कुकड़ेश्वर की बावड़ी में किया गया स्वच्छता श्रमदान



**नीमच, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड मनासा द्वारा प्रेरणादायक पहल करते जल संरक्षण जागरूकता रैली का आयोजन कर कुकड़ेश्वर के चौधरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक तीन स्थित प्राचीन बावड़ी में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में म.प्र.जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) श्री मोहन नागर, विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध माधव मारू, विशेष अतिथि न.प.अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला, श्री महेन्द्र पटवा, श्री विजय शर्मा, श्री मदन रावत, श्री नरेंद्र मालवीय एवं जनप्रतिनिधियों, जिला समन्वयक वीरेन्द्र सिंह ठाकुर, विकासखण्ड समन्वयक श्री महेन्द्र पाल सिंह भाटी ने स्वच्छता श्रमदान कर बावड़ी के प्राचीन वैभव को लौटाने में योगदान दिया।

जन अभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री मोहन नागर ने जल संरक्षण पर मार्गदर्शन देते हुए कहा, कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा जल स्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और जागरूकता की दृष्टि से शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होने कहा, कि जब हम घर बनाते हैं, तो घर में एक स्थान पूजा का, एक स्थान जल का बनाते हैं। उसी प्रकार हमें वरुण देवता का स्थान भी बनाना चाहिए। घर बनाते समय हमें एक आठ बाय छह का गड्ढा बनाकर उसमें बोल्ड और रेत को डालना चाहिए जिससे कि हमारे घर की छत का वर्षा का जल उस गड्ढे के माध्यम से जमीन में चला जाए। इससे जल स्तर में सुधार होगा। हम सभी गांव में पहाड़ों या उंचे स्थायनों पर कंटूर ट्रेंच बना कर, खेत पर मेड बंधान, नदियों के स्टॉप डैम पर पानी रोकने का कार्य करें, जिससे धीरे-धीरे गांवों में जलस्तर बढने लगेगा, इस तरह के प्रयासों को जन-जन तक पहुँचाकर जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाया जाना चाहिए। उन्होने कहा, कि जन जागरूकता एवं जन भागीदारी से ही जल संरक्षण संभव है। विधायक श्री अनिरूद्ध मारू ने जल संरक्षण के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा चलाये जा रहे अभियान में अधिकाधिक जन सहभागिता करने के लिए अपील की। उन्होने कहा, कि हम जल संरक्षण कर स्वयं एवं दूसरों का भी जीवन संरक्षित कर रहे है, जो कि एक पुण्य का काम है, जल संरक्षण केवल एक सरकारी या सामाजिक संगठन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का कर्तव्य है। कार्यक्रम को न.प.अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला महेन्द्र पटवा ने भी संबोधित किया। स्वच्छता श्रमदान में संरक्षक श्री महेन्द्र पटवा, श्री युगल व्यास, श्री उज्ज्वल पटवा, श्री लोकेश तुगनावत, श्री जगदीश जगोलिया, श्री लोकेश मोदी, श्री संजय मारू सहित नवांकुर, प्रस्फुटन समितियों, मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी एवं परामर्शदाता, स्वैच्छिक संगठन के पदाधिकारियों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता की।

# सीबीएन की सोनी में दबिश, बड़ी मात्रा में सीपीएस का डोडाचूरा बरामद

**पिपलियामंडी, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** गांव सोनी में सीबीएन की टीम ने एक मकान पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में सीपीएस का डोडाचूरा बरामद किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बुधवार को सीबीएन की टीम गांव सोनी में राजेन्द्रसिंह पिता कमलसिंह के घर पहुंची। यहां सीपीएस का डोडाचूरा बरामद हुआ। करीब 35 कट्टों में भरा डोडाचूरा टीम ने जब्ती में लिया है। हांलाकि अभी तक टीम ने कितना डोडाचूरा पकड़ा, इसका खुलासा नही किया। बताया गया टीम पहुंची उससे पहले राजेन्द्रसिंह फरार हो गया था।

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 31 | 2036 | 2259 |
| उडद | 4 | 4680 | 6300 |
| सोयाबीन | 3056 | 3651 | 4400 |
| गैहु | 6000 | 2300 | 2801 |
| चना | 444 | 5345 | 5615 |
| मसुर | 50 | 6001 | 6240 |
| धनिया | 129 | 5900 | 8102 |
| लहसुन | 15000 | 3100 | 9500 |
| मैथी | 950 | 3800 | 5365 |
| मुंगफली | 335 | 4525 | 5095 |
| अलसी | 965 | 6511 | 7301 |
| सरसो | 261 | 5501 | 5933 |
| तारामीरा | 15 | 5151 | 5151 |
| इसबगोल | 125 | 7799 | 12200 |
| प्याज | 1242 | 350 | 961 |
| कलोंजी | 12 | 13299 | 20800 |
| तुलसी बीज | 5 | 12400 | 14800 |
| डॉलर | 61 | 7301 | 8499 |
| तिल्ली | 7 | 6300 | 7000 |
| जौ | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 3200 | 3200 |
| असालीया | 18 | 6491 | 6650 |
| चियाबीज | 56 | 11500 | 15030 |

# रोहित शर्मा ने टेस्ट से सन्यास लिया

## इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी से हटाए जाने की अटकलें थीं; वनडे खेलना जारी रखेंगे



**नईदिल्ली, 07 मई।** रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी शेयर कर रिटायरमेंट की जानकारी दी। टी-20 से पहले ही संन्यास ले चुके रोहित वनडे खेलना जारी रखेंगे। बुधवार शाम को रिपोर्ट्स आई थीं कि उन्हें इंग्लैंड दौरे पर टेस्ट कप्तानी से हटाया जाएगा, जिसके बाद उन्होंने रेड बॉल क्रिकेट को अलविदा कह दिया।

**रोहित बोले- सपोर्ट के लिए धन्यवाद**–रोहित शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी शेयर करते हुए लिखा, 'हैलो, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि मैं टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट ले रहा हूं। रेड बॉल क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गौरव का पल रहा। प्यार और सपोर्ट के लिए सभी का धन्यवाद। मैं वनडे फॉर्मेट खेलना जारी रखूंगा।'

**रोहित ने 12 टेस्ट शतक लगाए**–रोहित ने भारत के लिए 2013 में टेस्ट डेब्यू किया। वे 2021 के दौरान प्लेइंग-11 में अपनी जगह पक्की कर सके और 2022 में उन्हें कप्तानी भी मिल गई। भारत के लिए 67 टेस्ट में उन्होंने 40.57 की औसत से 4301 रन बनाए, लेकिन घर से बाहर उनका औसत गिरकर 31.01 पर पहुंच गया। ऑस्ट्रेलिया में रोहित का औसत 24.38 और साउथ अफ्रीका में 16.63 का ही रहा। हालांकि इंग्लैंड में उन्होंने 44.66 की औसत से रन बनाए। वे पिछले दौरे पर ओपनिंग करते हुए शतक भी लगा चुके थे। रोहित के रिटायरमेंट के बाद अब यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल इंग्लैंड में ओपनिंग करते नजर आ सकते हैं।

**न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फ्लॉप रहे थे रोहित**–रोहित न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली टेस्ट सीरीज में बैट से बुरी तरह फ्लॉप रहे। वे न्यूजीलैंड के खिलाफ 15.16 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6.20 की औसत से ही रन बना सके। एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, सिलेक्टर्स ने फैसला कर लिया था कि रोहित की इस फॉर्म के साथ उन्हें कप्तानी की जिम्मेदारी नहीं दी जा सकती। इंग्लैंड दौरे के लिए अब टीम इंडिया नया टेस्ट कप्तान चुनेगी। ऑस्ट्रेलिया में पिछले दौरे पर रोहित ने शुरुआती मैचों में ओपनिंग नहीं की थी। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने ओपनिंग करते हुए सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। रोहित पहला टेस्ट नहीं खेल सके थे। वे दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 का हिस्सा बने, लेकिन मिडिल ऑर्डर में ही बैटिंग करने के लिए उतरे। भारत ने तब जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में पहला टेस्ट जीता, लेकिन रोहित की कप्तानी में 2 मुकाबले गंवा दिए। सिडनी में रोहित ने आखिरी टेस्ट नहीं खेला और अब रिटायरमेंट भी ले लिया।

**रोहित कप्तानी जारी रखने की इच्छा जता चुके थे**–रोहित ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पॉडकास्ट में कप्तानी जारी रखने की इच्छा जता चुके थे। रोहित ने कहा था कि वे इंग्लैंड में बुमराह, शमी और सिराज के पेस अटैक को लीड करने के लिए उत्साहित हैं। माना जा रहा है कि सिलेक्टर्स से बातचीत के बाद उन्होंने इस फॉर्मेट को अलविदा कहा।

**गंभीर ने कहा था– रोहित का फैसला सिलेक्टर्स पर**–हेड कोच गौतम गंभीर ने भी 6 मई को कहा था कि रोहित के भविष्य का फैसला सिलेक्शन कमेटी ही करेगी। उन्होंने ABP न्यूज के 'इंडिया एट 2047' समिट में कहा, 'मेरा काम टीम सिलेक्ट करना नहीं है। कोच के हाथ में बस प्लेइंग-11 सिलेक्ट करने का अधिकार होता है। किसी सीरीज या टूर्नामेंट के लिए टीम सिलेक्ट करना सिलेक्शन कमेटी के हाथ में रहता है।

**टी-20 से पिछले साल ही संन्यास ले लिया था**–रोहित ने भारत को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप जिताने के बाद सबसे छोटे फॉर्मेट से संन्यास ले लिया था।

# जस्टिस यशवंत वर्मा इस्तीफा दें या सजा का सामना करें, केश मामले में कमेटी ने चीफ जस्टिस को सौंपी रिपोर्ट



**नई दिल्ली, 07 मई।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त इन-हाउस जांच समिति ने भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट में 14 मार्च की रात को आग लगने के दौरान हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आवास पर नकदी पाए जाने की पुष्टि की है। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) के निर्देश पर जस्टिस यशवंत वर्मा को यह रिपोर्ट भेजी गई है। जस्टिस वर्मा को निष्कर्षों पर प्रतिक्रिया देने के लिए दो दिन का समय दिया गया है। यह समझा जाता है कि ऐसा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगे की कार्रवाई करने से पहले न्यायमूर्ति वर्मा को जवाब देने का उचित अवसर दिया जा सके।

जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा देने का विकल्प दिया गया है। यदि वे इस्तीफा देने से इनकार करते हैं तो उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ सकती है। उम्मीद है कि जस्टिस वर्मा सप्ताह के अंत तक सीजेआई के समक्ष अपना जवाब पेश करेंगे। महत्वपूर्ण बात यह है कि सीजेआई संजीव खन्ना जो अगले सप्ताह सेवानिवृत्त हो रहे हैं, पद छोड़ने से पहले भविष्य की कार्यवाही के बारे में निर्णय लेने का इरादा रखते हैं। यह निवर्तमान सीजेआई द्वारा लिए जाने वाले अंतिम बड़े निर्णयों में से एक होने की उम्मीद है। सोमवार की कार्यवाही से पहले सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के जजों से भी मुलाकात की। संभावना है कि इस बैठक के दौरान जजों को रिपोर्ट के निष्कर्षों के बारे में बताया गया होगा। इस बड़ी रिपोर्ट में 14-15 मार्च की घटना का तथ्यात्मक घटनाक्रम शामिल है। जिसमें जस्टिस वर्मा के आवास पर आग लगने की समय-सीमा, नकदी की खोज व आपातकालीन सेवाओं की प्रतिक्रिया का विवरण दिया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि घटना के दौरान कौन-कौन मौजूद था। इस पैनल ने जस्टिस वर्मा, उनके स्टाफ, अग्निशमन अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों के बयान दर्ज किए गए। जिनमें दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख व दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार भी शामिल थे, जो आग लगने के दौरान वहां पहुंचे थे।

# अब भारत का एक बूंद पानी भी नहीं देगें-मोदी



**नई दिल्ली, 07 मई।** भारत ने आधी रात के बाद पाकिस्तान व पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर में आतंकवादी ढांचे को निशाना बनाते हुए आपरेशन सिंदूर चलाया। भारतीय सेना ने बताया कि भारत ने उन आतंकी ढांचों को निशाना बनाया जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें अंजाम दिया गया। इसमें कहा गया है कि कुल मिलाकर नौ स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमले से पहले ही पीएम मोदी ने कहा था कि कहा कि अब भारत का पानी देश के बाहर नहीं बहेगा, किसी को भी एक बूंद पानी नहीं देगें।

उन्होंने पानी के मुद्दे पर जारी चर्चा का हवाला देते हुए पाकिस्तान के खिलाफ भारत के कदम का संकेत दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले भारत के हक का पानी भी बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी, भारत के हक में रहेगा। भारत के हक में रुकेगा। और भारत के ही काम आएगा। हालांकिए मोदी ने पाकिस्तान का कोई सीधा संदर्भ नहीं दिया या आतंकवादी हमले के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव पर कोई अन्य टिप्पणी नहीं की। पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर हमला होने से पहले पीएम मोदी ने पाकिस्तान को बूंद भर पानी न देने की बात कहीं थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत का पानी अब देश के बाहर नहीं बहेगा। बल्कि इसका उपयोग राष्ट्र के हित में किया जाएगा। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर सिंधु जल संधि स्थगित किए जाने के स्पष्टसंदर्भ में पाकिस्तान पर केंद्रित थी। मोदी ने नदियों को आपस में जोडने पर अपनी सरकार के कदमों को रेखांकित किया और कहा कि पानी कभी राज्यों के बीच संघर्ष का स्त्रोत हुआ करता था। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब जब लोग देश को देखते हैंए तो वे गर्व से कह सकते हैं कि लोकतंत्र में परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से आगे बढ़कर सकल जन सशक्तीकरण (जीईपी) पर आधारित प्रगति की ओर बढ़ रही है। नदियों को आपस में जोडने के लिए किए गए कार्यों के बारे में मोदी ने चुटकी लेते हुए कहा कि इन दिनों मीडिया में पानी पर गहन चर्चा हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा इससे पहले जो पानी भारत के हक का था वह भी देश से बाहर जा रहा था। अब भारत का पानी देश के हित में बहेगा और देश के काम आएगा।



# दुर्गा वाहिनी कार्यक्रम में दिया मार्गदर्शन

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग षट्दिवस में श्रीमती माला दीदी ठाकुर प्रांत उपाध्यक्ष, ज्योतिप्रिया शर्मा प्रांत संयोजिका वर्ग प्रमुख मंच पर उपस्थित रहे।आज दीदी ने राष्ट्र निर्माण में बहनों की भूमिका विषय पर मार्ग दर्शन किया।दीदी ने बताया की हमारे देश में कई वीरांगनाएं हुई है जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में देश के लिए,समाज के लिए, राष्ट्र निर्माण के लिए बलिदान किया है। उसी प्रकार आज भी बहनों को देश में व्याप्त बुराइयों का सर्वनाश करने के लिए वीरांगना का रूप धारण करने की आवश्यकता है।बहने हर क्षेत्र में सामाजिक ,राजनैतिक, आर्थिक हर जगह राष्ट्र निर्माण में अग्रसर रही है।हम कैसे समाज का परिवार का देश का अपनी संस्कृति का निर्माण कर सकते है तो हम जो एक दिग्विजय भारत की कल्पना हम कर रहे है बो निश्चित ही तय है।मंच का संचालन मानसी उपाध्याय ने किया उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री हेमन्त बुलचन्दानी ने दी



# वही साहित्य अमर होता है जिसमें समाज का उत्थान निहित हो

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** अगर लेखक की लेखनी से समाज का भला नहीं होता है तो ऐसा लिखना सिर्फ कागज रंगने जैसा है। ये विचार क्षेत्र के प्रमुख कवि प्रमोद रामावत में व्यक्त किये। वे अपने जन्मदिन के अवसर पर प्रबुद्ध जनों द्वारा आयोजित सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वही साहित्य अमर होता है जिसमें समाज का उत्थान निहित है। प्रेमचंद कालखंड में अनेक साहित्यकार हुए उनमें से प्रेमचंद ही सर्वाधिक पाठ्यक्रम का भाग बने। प्रमोद रामावत ने उभरते कवियों से कहा कि वे समाज को केंद्र में रखकर लिखेंगे तो उनका लेखन अर्थ पूर्ण होगा। इस अवसर पर उन्होंने कई रचनाओं का पाठ किया। मालवा अंचल में साहित्य , कला संस्कृति के संरक्षक नरेंद्र सिंह सिपानी ने अपना उद्बोधन में कहा कि प्रमोद रामावत की उर्दू और हिंदी पर समान रूप से पकड़ रही है। वे दोनों भाषाओं के सच्चे प्रतिनिधि हैं। श्री रामावत की लेखनी समाज को प्रेरित करती है। वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल ने कहा कि श्री रामावत अपनी लेखनी से जो कटाक्ष करते हैं उनसे समाज को नई दिशा मिलती है। फिल्मकार प्रदीप शर्मा ने श्री रामावत की पुस्तक सपने छू मंतर की समीक्षा करते हुए उसके भाव पक्ष को सामने रखा।

प्रगतिशील लेखक संघ के असअद अंसारी ने श्री रामावत के प्रकाशित नौ संकलनों का जिक्र करते हुए पुस्तक सहने की भी हद होती है पर विचार व्यक्त किये उन्होंने श्री रामावत को उद्धारित करते हुए कहा कि काश हम से कोई धर्म छीन ले। फिर हम हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई की जगह दुनिया भर में सब इंसान ही बचे रहेंगे श्री अंसारी ने अपने अशआर सुनाते हुए कहा कि आंसुओं आँख की दहलीज पे आया न करो, दिल के हालात जमाने को बताया ना करो। वरिष्ठ पत्रकार बृजेश जोशी ने कहा कि समाज में मूल्य और संस्कार का प्रभाव साहित्य के माध्यम से होता है। श्री रामावत इसी आधार पर लेखन करते हैं। जावरा के शायर फजल हयात ने अपनी ग़ज़ल में कहा कि वो आग लगाकर आए दूर तलक, वो आग अब उनके घर तक आ गई है। युवा शायर डीजे सिंह तथा मनी शामगढ़ वाला ने रचना पाठ किया। राजकुमार अग्रवाल ने गीत और भजनों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सुनील व्यास, संजय भारती, पत्रकार नवीन जैन ,डॉ.रामराज सैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन संगीत महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी ने किया। आभार माना इंजीनियर सुनील व्यास ने।

# ग्वाला समाज का सामूहिक गंगा पूजन कार्यक्रम 18 को

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीकृष्ण ग्वाला गवली समाज मंदसौर द्वारा आगामी 18 मई को सामूहिक गंगा पूजन का आयोजन किया जाएगा। दो दिवसीय गंगा पूजन आयोजन की तैयारियां चल रही हैं। इस दिव्य आयोजन में समाज के 15 से अधिक दिवंगत जनों सामूहिक गंगा पूजन किया जाएगा। यह द्वितीय अवसर हैं जब मंदसौर में ग्वाला समाज द्वारा सामूहिक गंगा पूजन का भव्य आयोजन किया जा रहा हैं। समाज के पटेल श्री प्यारेलाल बानिया, दिवान श्री तुलसीराम कछवाये एवं श्री कल्लुराम थम्मार ने बताया की 18 मई को आयोजित होने वाले सामूहिक गंगा पूजन के आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी की जा रही हैं। आयोजन में 17 मई को सभी छावनियों से मेहमानों का आगमन होगा। दूसरे दिन 18 मई की सुबह 9 बजे श्री देवनारायण मंदिर धनगर मोहल्ला पतवारी से कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए आयोजन स्थल संजय गांधी उद्यान पहुंचेगी। संजय गांधी उद्यान में सुबह 11 बजे पिण्डदान होगा। दोपहर 12.30 बजे सामूहिक गंगा पूजन किया जाएगा इसके पश्चात गंगा प्रसादी आयोजन प्रारंभ होगा। अब तक करीब 15 दिवंगतजनों के सामूहिक गंगा पूजन के लिये सहमति प्राप्त हुई हैं। समाजजनों से आयोजन में सहभागिता करने की अपील की गई हैं।

# जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक 16 को

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला पंचायत मंदसौर की साधारण सभा की बैठक 29 अप्रैल 25 को श्रीमती दुर्गा डॉ. विजय पाटीदार अध्यक्ष, जिला पंचायत मंदसौर की अध्यक्षता मे आहूत की गई थी, जो माननीय मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के मंदसौर जिले मे प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम होने के कारण से स्थगित गई थी, उक्त बैठक पुन: 16 मई 2025 को समय दोपहर 01 बजे स्थान जिला पंचायत मंदसौर के सभा कक्ष मे आहूत की गई है। बैठक का एजेण्डा पूर्वत: रहेगा।

# कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे, सभी किसानों का किया जाए गेंहू उपार्जित-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गेंहू उपर्जान के लिए कोई भी किसान स्लॉट बुकिंग से वंचित नहीं रहे और बुकिंग वाले सभी किसानों का गेंहू उपार्जित किया जाए। किसानों को कोई परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अब तक 8 लाख 87 लाख से हजार से अधिक पंजीकृत किसानों से 76.60 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जित हुआ है। किसानों को 5 मई तक 16 हजार 472 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम पिछले वर्ष का रिकार्ड तोड़ते हुए इस वर्ष 81 लाख मैट्रिक टन गेंहू उपार्जन लक्ष्य की ओर अग्रसर हैं। यह प्रदेश के किसानों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को अन्नदाताओं पर गर्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रबी उपार्जन अंतर्गत गेहूं उपार्जन की समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में समीक्षा कर रहे थे। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा उपस्थित थे। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्ष 2025-26 में 34 लाख 93 हजार एकड़ रकबे में हुए गेंहू उपार्जन के लिए 15 लाख 44 हजार किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया। प्रदेश में 3 हजार 620 उपार्जन केंद्र स्थापित किए गए। स्लॉट बुकिंग से शेष किसानों की बुकिंग के लिए पोर्टल पर सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन किसानों से गेंहू का उपार्जन 9 मई तक किया जाएगा।



# जल गंगा संवर्धन अभियान तहत कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का किया जा रहा निर्माण

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार किया जा रहा है। यह अभियान लगातार 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर मनरेगा से नये तालाब बनाये जा रहे है, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इसी अभियान के तहत जिले में कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का निर्माण किया जा रहा है।

अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के तहत शुरूआत में ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित हो रहा है। जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया गया है। इस अभियान के माध्यम से जल संरक्षण संबंधी विभिन्न कार्यों की शुरूआत की गई है। नदी-नालों एवं तालाबों की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही कुएं, बावड़ियों से गाद निकालने का भी कार्य किया जा रहा है। जिले के नगरीय एवं ग्रामीण अंचलों में जन सहयोग से जल संरचनाओं की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। जन अभियान परिषद के माध्यम से गांव-गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# बग्घी में निकली ठाकुर जी की बारात, खूब नाचे भक्त, हुआ तुलसी विवाह



**कुचड़ोद, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** कारुराम कुमावत के घर बुधवार को ठाकुर जी की बारात बग्घी में निकली। गाजे-बाजे, ढोल और डीजे के साथ बारात में सैकड़ों लोग शामिल हुए। बारात सुबह 10 बजे राम जानकी मंदिर से शुरु हुई। रास्ते में श्री चारभुजा नाथ मंदिर, खेड़ापति हनुमान चौक, सदर बाजार, जैन मंदिर, पंच कुमावत समाज मंदिर, कुंडेल चौक, पीपल चौक, कल्पवृक्ष चौराहा, महादेव मठ, शीतला माता मंदिर और बस स्टैंड होते हुए कारुराम कुमावत के घर पहुंची।

बारात में पुरुष, महिलाएं, युवा और बच्चे ढोल की थाप पर नाचते हुए चले। जगह-जगह पुष्प वर्षा और माला से स्वागत हुआ। बारात को घर पहुंचने में चार घंटे लगे। बस स्टैंड पर कांकड़ खेजड़ी काटने की परंपरा निभाई गई। घर के बाहर ठाकुर जी और बारातियों का स्वागत पुष्प माला से किया गया। कारुराम ने बताया कि उनके दो बेटे हैं, बेटी नहीं है। बेटी के विवाह की इच्छा थी। इसलिए पोते बनवारी की शादी के साथ तुलसी विवाह करने का निर्णय लिया। विवाह विधि विधान से हुआ। तुलसी माता को बेटी की तरह विदा किया गया। बारातियों और रिश्तेदारों के भोजन की व्यवस्था पंच कुमावत धर्मशाला में की गई। तुलसी माता एवं ठाकुर जी के विवाह के दौरान सैकड़ो भक्तज,न कुमावत समाजजन एवं रिश्तेदार मौजूद रहे।

# नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 को

**मंदसौर, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला मुख्य नगर पालिका अधिकारी से सुधीर कुमार सिंह सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार व द्वारा प्रेस नोट में बताया गया कि शासन निर्देशानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 10 मई 2025 शनिवार को किया जा रहा है जिसके तहत नगर पालिका कार्यालय मंदसौर में शिविर का आयोजन कर संपत्तिकर समेकित कर जलकर एवं उपभोक्ता प्रभार की अधिभार राशि में पेनल्टी में नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। अत: ऐसे करदाता जिनके द्वारा पूर्व में किसी लोग अदालत में छुट का लाभ नहीं लिया है वह नगर पालिका में आकर उक्त छुट का लाभ लेवे।

# मप्र शिक्षक संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की

**भोपाल, 07 मई गुरु एक्सप्रेस।** निशुल्क एवं बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा छात्र शिक्षक बढ़ाकर प्राथमिक विद्यालयों हेतु न्यूनतम 2 पद 61 से 90 छात्र संख्या पर 3 पद 90 से 120 पर 3 पद माध्यमिक विद्यालयों हेतु न्यूनतम 3 पद एवं दर्ज संख्या 135 से अधिक होने पर प्रत्येक 35 छात्रों पर 1-1 अतिरिक्त विषय शिक्षक स्वीकृत किये गए थे।

परंतु विभाग द्वारा उक्त आदेश में मनमाने ढंग से परिवर्तन कर 5 परिशिष्ट जोड़कर शिक्षक छात्र अनुपात बढ़ा दिया गया है। प्राथमिक विद्यालयों हेतु छात्र संख्या 75 पर 2 शिक्षक 75 से अधिक होने पर 3 शिक्षक 105 से अधिक होने पर 4 शिक्षक 135 से अधिक होने पर 5 शिक्षक एवं 150 छात्र संख्या होने पर 5 शिक्षक तथा एक प्रधानाध्यापक का प्रावधान कर इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों हाई स्कूलों एवं हायर सेकेंडरी शालाओं में भी छात्र शिक्षक अनुपात मनमाने ढंग से बढ़ा दिया है। इस कारण पूरे प्रदेश के विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की संख्या बढ़ गई ओर शिक्षकों पर स्थानांतरण का भय व्याप्त हो गया। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर , प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनोद कुमार पूनी ने इस गंभीर विषय को तत्काल स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल के सम्मुख मंत्रालय भोपाल में उपस्थित होकर के पत्र सौंपा । डॉ संजय गोयल ने संघ के ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आयुक्त श्रीमती शिल्पा गुप्ता को फोन लगाकर नवीन पद संरचना के आदेश को निरस्त करने हेतु निर्देशित करते हुए आश्वस्त किया कि निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार ही पद संरचना एवं छात्र शिक्षक अनुपात मान्य किया जावेगा और अतिशेष के कारण शिक्षक ,शिक्षिका को सीनियर जूनियर का डर दिखाकर प्रताड़ित नहीं किया जावेगा। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने बोर्ड परीक्षाओं में पिछले साल की तुलना में अधिक परिणाम देने पर सचिव महोदय को बधाई दी और अभिनंदन किया। डॉ संजय गोयल ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं के श्रेष्ठपरिणाम हेतू शिक्षक ही बधाई के पात्र है ,उनके ही परिश्रम के कारण श्रेष्ठपरिणाम आए हैं। यह सब शिक्षकों की मेहनत से ही संभव हुआ है । माननीय शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह को इंदौर प्रवास के पूर्व कल दिनांक 5 मई 2025 को इंदौर प्रवास के पूर्व संगठन के प्रांताध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर ने प्रत्यक्ष मंत्रालय में भेंटकर अतिशेष प्रक्रिया को समाप्त करने और चतुर्थ समयमान, वेतनमान की संक्षेपिका को कैबिनेट में जाने और स्वीकृत कराने का आश्वासन दिया । इससे संघ आश्वस्त है कि शीघ्र ही चतुर्थ समयमान के आदेश प्रसारित हो जाएंगे।


**✻ संयुक्त उठावना ✻**

भंवरलाल,मणिलाल के बड़े भाई सा ,मनीष ,अनिल,हंसकुमार,नितिन के बड़े पापा , सौरभ के पूज्य पिताजी एवं स्व सोहनलाल जी , धूलचंद , शांतिलाल , बसंतीलाल, स्व माणकलाल जी के बहनोई सा व विजय , विनय के फूफा सा. सुश्रावक श्री बाबूलाल जी जैन नगरीवाला (सुपुत्र: स्व मोती लाल जी जैन नगरीवाले) ने दिनांक 07.05.2025 को समता भाव से शरीर त्याग कर अविनाशी आत्मा की यात्रा आरंभ की। उनकी पवित्र आत्मा के मोक्षमार्ग पर गतिमान होने की प्रार्थना के साथ उठावना दिनांक 09.05.202, वार : शुक्रवार, समय: प्रात: 10:00 बजे, स्थान: माहेश्वरी धर्मशाला, नयापुरा रोड मंदसौर पर रखा गया है।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**भंवरलाल , मणिलाल , सौरभ जैन (नगरी वाला परिवार) मंदसौर**
**विजय, विनय जैन (धुंधडका)**
**शोक बैठक-दिनांक 08.05.25 से 11.05.25 तक निज निवास मोती सदन रोम टावर के पास मंदसौर समय 7.30 से 9.30**



**✻ नाम परिवर्तन ✻**

**मैं सैफुद्दीन कडाडिया यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम सैफुद्दीन कपाडिया रख लिया है।**

**अब से और भविष्य में मुझे मेरे नए नाम सैफुद्दीन कपाडिया से ही जाना जाएगा।**

**पता-ए-69, फातिमा मंजिल, 15 बुरहानी नगर, मंदसौर (म.प्र.) 458001**



**✻✻✻ नाम परिवर्तन ✻✻✻**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व मे मेरा नाम** TASNEEM CYCLEWALA D/O SAFDARALI **था जिसे मैने परिवर्तन कर** TASNEEM HUSAMI W/O ABDUL QUADAR HUSAMI **रख लिया है तथा मुझे अब इसी नाम से ही जाना - पहचाना जावे।**

TASNEEM HUSAMI W/O ABDUL QUADAR HUSAMI
ADDRESS - TEHSIL ROAD, SUWASRA - 458888



**राजकुमार गुप्ता, एड०होकेट**

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 167/2025 दिनांक 03.05.2025

**✻✻✻ जाहिर सूचना ✻✻✻**

**सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा सूर्यपालसिंह पिता गोर्धनसिंह राजपूत निवासी-ग्राम रानाखेड़ा, तहसील व जिला-मंदसौर से आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण क्रं. 407(बी), भूखंड क्रं. 240(पी) प.ह.नं. - 00121 पर दर्ज होकर पता-ग्राम रानाखेड़ा, तहसील व जिला-मंदसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्वः त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक एमपी15आईजीआर17852025ए10025 1214, दिनांक-28.04.2025 से मेरे पक्षकार पुष्पाकुंवर पति सूर्यपालसिंह निवासी-ग्राम रानाखेड़ा, तहसील व जिला-मंदसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मंदसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है-**

**पूर्व में-स्वयं की भूमि, पश्चिम में-लक्ष्मीनारायण का मकान, उत्तर में-आम रास्ता, दक्षिण में-रास्ता, पैमाईश रकबा-725 वर्ग मीटर,**

**उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा** INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur **से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है, यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोझ आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे, वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।**

भवदीय
राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यि एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in